घर ले जाकर हल कराई गई उत्तर पुस्तिकाएं

शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, एक सप्ताह बाद स्कूल में जमा

कान्हीवाड़ा नवभारत। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 22 अप्रैल 2026 को छात्रों को प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं उनके घर तक पहुंचा दी गईं। छात्रों को निर्देश दिया गया कि वे घर पर ही प्रश्न हल करें और एक सप्ताह बाद स्कूल में जमा करें। यह प्रक्रिया न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि परीक्षा की पारदर्शिता पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है।

आज 4 मई 2026 को मामला खुला, जब एक व्यक्ति के अचानक विद्यालय पहुंचने पर दो छात्र घर से हल की गई उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने आए। छात्रों ने स्वयं स्वीकार किया कि मैडम ने कहा था कि घर पर हल कर के स्कूल में जमा कर दो, वे बाद में ले जाएंगी।

इस दौरान विद्यालय में न तो संबंधित शिक्षक मौजूद थे और न ही इस व्यवस्था को लेकर कोई स्पष्ट जवाब दिया गया। प्रभारी प्राचार्य भी मामले पर जवाब देने से बचते नजर आए। जानकारी मिली है कि कुछ शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी हुई है, जबकि स्कूल की छुट्टी 30 अप्रैल 2026 को घोषित हो चुकी है।

सूत्रों के अनुसार, कक्षा 9वीं और 11वीं का परिणाम लगातार खराब रहने के कारण यह नई रणनीति अपनाई गई, ताकि रिजल्ट सुधारा जा सके। लेकिन इस तरह की कार्यप्रणाली से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने की आशंका जताई जा रही है। क्या अब परीक्षा घर ले जाकर हल करने का नया नियम लागू हो गया है? क्या शिक्षा विभाग को इस व्यवस्था की जानकारी है? क्या यह केवल रिजल्ट सुधारने का तरीका है या गंभीर लापरवाही? स्थानीय लोगों में आक्रोश, और प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और दोषियों पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 02 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

सिवनी नवभारत। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी रूप से मूर्त रूप देकर उनका लाभ शीघ्रता से आम नागरिकों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का प्रत्येक कार्य आमजन की सुविधा, राहत एवं संतुष्टि से सीधे जुड़ा है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय, सतत मॉनिटरिंग एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतें किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसी शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक माह बेहतर कार्य करने वाले 02 अधिकारी/कर्मचारियों का चयन कर उन्हें एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य संस्कृति में प्रतिस्पर्धा, जवाबदेही और गुणवत्ता को बढ़ावा मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित सभी एसडीएम, सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर में

माउंट लिटेरा स्कूल में सात दिवसीय नेत्र शिविर 7 मई से

सिवनी। माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल प्रकाश नगर सिवनी में सात दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन स्पूर्व प्राकृतिक चिकित्सालय छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित किया गया है इस शिविर में मिट्टी पानी धूप हवा सब रोगों की यही दवा का नाम दिया गया है स्वास्तिक प्रतीक जागरूक भाई एवं बहनों के लिए सूचना दी गई है कि जिस व्यक्ति को आंखों में जलन आंखों में सूजन आंखों में मोतियाबिंद की शुरुआत आंखों में धुंधलापन देखना आंखों में पानी आना आंखों में लाली बनी रहना बच्चों की आंखों में किसी भी कारण लगा हुआ चश्मा माइग्रेन इत्यादि आंखों से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं तो यह शिविर आपके लिए सर्वोत्तम है जिसमें आंखों से पीड़ित बीमारी का प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा इलाज होगा यह इलाज पांच तत्व द्वारा किया जाएगा शिविर 7 में से 13 में तक प्रातः 5-45 से प्रातः 11-00 बजे तक चलेगा इस संबंध में आयोजक अंकित मालू मोबाइल नंबर 932930 1 115 , अनीता अग्रवाल मोबाइल नंबर 9407071 699, शारदा अग्रवाल मोबाइल नंबर 7746033 125, रेखा अग्रवाल मोबाइल नंबर 9340464 78 5 पर संपर्क किया जा सकता है

एनसीसी कैंप में मार्डन स्कूल के दल हुआ शामिल

सिवनी। 24 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमनप्रीत सिंह के नेतृत्व मे छिंदवाड़ा के शासकीय कन्याशिक्षा परिसर मे एनसीसी का ह्रञ्जष्ट-92 कैंप का आयोजन किया गया जो की 02/05/26 से 11/05/26 तक चलेगा। इस ह्रञ्जष्ट -92 कैंप मे भाग लेने के लिए जिले की अग्रणी शिक्षण संस्था मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल,सिवनी के 26 एनसीसी कैडेट्स का दल, एनसीसी ऑफिसर मधुर प्यासी के नेतृत्व मे 02/05/26 को शाला की बस के माध्यम से रवाना हुआ। एनसीसी का यह संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर हर साल छिंदवाड़ा मे आयोजित होता है, इसमें एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग, परेड, ड्रिल, मैप रीडिंग, साइबर सिक्योरिटी, ड्रोन तकनीक, की क्लासेस एवं भारतीय सेना से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। शाला से इस कैंप मे भाग लेने वाले 26 एनसीसी कैडेट्स को शाला की प्राचार्या डॉ.वंदना एन. तिवारी मैडम, डायरेक्टर जनक तिवारी सर एवं समस्त शाला परिवार की ओर से शुभकामनायें प्रेषित की गई।

बस स्टैंड से चोरी हुए मोबाइल, आरोपी गिरफ्तार

सिवनी। कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय से मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गए दोनों मोबाइल बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, 3 मई को शुभम उमरकार (निवासी धारना कला, बरघाट) और रज्जू चंद्रवंशी (निवासी ग्राम तिनसा, थाना छपारा) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे 2 मई की रात नागपुर से लौटकर सिवनी बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में रुके थे। रात करीब 1 बजे उनके जेब में रखे दो एंड्रॉइड मोबाइल गायब हो गए। तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर अंकित जैन (23 वर्ष, निवासी तिलक वार्ड, सिवनी) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से दोनों मोबाइल (कुल कीमत करीब 15 हजार रुपये) बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी कोतवाली थाने में जुआ का मामला दर्ज है।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में संदीप बने विजेता

सिवनी नवभारत। छतरपुर में एक से तीन मई के बीच आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग की ओर से खेलते हुए सिवनी जिले के बरघाट निवासी संदीप मिश्रा ने तिहरी सफलता अर्जित की। विदित हो कि संदीप पूर्व में भी टेबल टेनिस के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति अपने प्रदर्शन के माध्यम से मजबूती से रखते रहे हैं,वह विगत सात वर्षों से मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस टीम का हिस्सा रह चुके हैं, इस विभागीय प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना चमकदार प्रदर्शन बरकरार रखा, एकल स्पर्धा में जहां उन्होंने सेमीफाइनल में विक्रम ठाकुर भोपाल को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया, वहीं फाइनल में शिक्षा विभाग के सबसे अनुभवी खिलाड़ी भोपाल के रविंद्र चौहान को वह पराजित करने में सफल रहे, वहीं डबल्स मुकाबले में अपने साथी संदीप सूर्य के साथ उन्होंने फाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम के समक्ष कड़ा संघर्ष किया, मगर उसमें उन्हें द्वितीय स्थान पर ही संतोष करना पड़ा, वही टीम चैंपियनशिप में संदीप सूर्य व प्रेम श्रीवास्तव के प्रदर्शन के बल पर वह टीम को तृतीय स्थान दिलाने में सफल रहे, गौरतलब है कि पूरी प्रतियोगिता में वह एकल मुकाबले में अपराजेय रहे, ज्ञात हो कि संदीप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारना कला में पीटीआई के पद पर पदस्थ हैं। प्रतियोगिता में दल प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर,कोच कैलाश चाकोले,मैनेजर अनिल परमार ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, उनकी सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारियों एस एस कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थॉमस, मनु धुर्वे ,प्राचार्य ज्योति श्रीवास्तव, सुनील मर्सकोले,आशीष दीक्षित, अनुराग तिवारी, शैलेंद्र साहू,प्रदीप वर्मा , मनीष मिश्रा, राजेंद्र सिंह ठाकुर,नारायण बिसेन, योगेश पाठक, एजाज खान, सुनील अवधिया एवं अन्य खेल प्रेमियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है

बंगाल मे भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं संग मनाया उत्सव

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बंगाल मे भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं संग विजय उत्सव मनाया तथा बधाईयां प्रेषित किया। आज पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के आये नतीजों मे भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर जिला भाजपा कार्यालय में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कार्यकर्ताओं संग विजय उत्सव मनाया तथा जिला संगठन प्रभारी अशोक रोहाणी जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन , विधायक कमल मर्सकोले सहित उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेताओं पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं को बधाईयां प्रेषित किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन कार्यकर्ताओं के साथ ढोल की थाप पर थिरके और अपनी खुशी जाहिर की। तथा उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बंगाल मे भाजपा को मिली जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम बताते हुए कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नहीं, बल्कि बंगाल की जनता और विकास की जीत है। कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में जो संघर्ष किया। आज उसी का प्रतिफल हमें मिला है। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी संकल्पों के लिए प्रेरित किया। इस विजय उत्सव में वरिष्ठ भाजपा नेताओं, मंडल अध्यक्षों और युवा मोर्चा व महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चों के पदाधिकारियों व जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे।

लखनादौन में विशेष जनसुनवाई आज

सिवनी नवभारत। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 5 मई 2026 (मंगलवार) को जनपद पंचायत लखनादौन में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करेंगे। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आम नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं, शासकीय योजनाओं से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

मुफ्त का राशन अमीरो के पटल पर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

धारनाकला नवभारत। चार पहिया वाहन ट्रेक्टर परिवार मे सरकारी नौकरी पक्का भवन 100 वर्ग मीटर का प्लाट अथवा उससे अधिक का घर या प्लाट जमीन का होना तथा परिवार की वार्षिक आय एक लाख से अधिक से अधिक हो ऐसे व्यक्ति शासकीय मापदंड एवं शासन द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार मुफ्त का राशन लेने की पात्रता नही रखते किंतु वर्तमान मे जिनके पास लाखो की सम्पति टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर वाहन ट्रेक्टर तथा अच्छी खासी खेतिहर जमीन जिससे जमीन से लाखो रूपये की वार्षिक आय प्राप्त हो रही है वे लोग भी शासन की महत्वपूर्ण योजना मुफ्त का राशन से जुड़े हुऐ है तथा इस योजना का लाभ ले रहे है जबकि इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ वास्तविक गरीब के घर पहूचना चाहिऐ किंतु जमीनी हकीकत मे ऐसा नही है वर्तमान मे शासन के मापदंड के अनुसार प्रति सदस्य 03 किलो गेहू एवं 02 किलो चावल ही आनलाइन पी ओ एस मशीन से वितरण प्रदर्शित होता है जिसके तहत राशन विक्रेता को वितरण की स्थिति भी तय करनी होती है किंतु वे अपात्र लोग जिन्हे मुफ्त का राशन लेने की पात्रता मिली हुई है इनकी मर्जी के हिसाब से राशन वितरण करने की व्यवस्था भी देखना अनिवार्य है नही तो आप इनके कोप से नही बच पायेगे 8000 रूपये के कमीशन मे वितरण करने वाले विक्रेताओ की माने तो इन्हे मिलने वाले अनाज गेहू चावल मे भी प्रति माह शार्टेज के सामना से गुजरना पडता है।

क्या कहते है बुद्ध जीवी लोग

उल्लेखनीय है की पिछले अंक मे प्रकाशित खबर मे त्रुटी वश अमीरो के पटल के स्थान पर पटेल शब्द का इस्तेमाल हो गया जो सही मायने मे अमीर के पटल पर था इस सम्बन्ध छेत्र के बुद्ध जीवी तथा गलत का हमेशा विरोध करने वाले रूप कुमार बिसेन जी कहना है की प्रशासन को निस्पक्ष जांच करते हुऐ शासन की महती योजनाओ के लाभ से ऐसे लोगो को जोड़ने की आवश्यकता है जो वास्तविक मे उसका हकदार है तथा अपात्र लोग जो शासन की योजना से जुडकर लाभ ले रहे है कारवाई करनी चाहिये ताकि शासन की महती योजनाओ का लाभ हर जरूरत मंद परिवार तक पहुच सके।

टू व्हीलर तथा फोर व्हीलर से आते है गरीब राशन लेने

उल्लेखनीय है की प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत भारत सरकार पात्र राशन कार्ड धारक को 2028 तक मुफ्त सरकारी राशन गेहू चावल प्रदान कर रही है यह योजना अन्त्योदय और प्राथमिकता वाले परिवार को प्रति व्यक्ति 05 किलो या 35 किलो प्रति परिवार राशन देती है और केन्द्र सरकार द्वारा मुफ्त राशन की अवधि भी 2028 तक बढा दी गई है जिससे मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है किनतू मुफ्त राशन की यह योजना अमीरो और अपात्र लोगो के लिये भी बरदान साबित हो रही है यही कारण है गरीबो के मिलने वाला यह राशन लेने के लिये लोग सायकल नही अपितु टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर वाहन मे तक राशन लेने पहूचते है यह मूलभूत एक ही योजना नही योजनाओ का लाभ लेने के लिये एक साथ रहते हुऐ भी परिवार आई डी अलग करवा ली ताकि प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभ से भी जुडा जा सके और हुआ भी ऐसा ही जिनके पहले से पक्के मकान भवन मकान उपलब्ध है उनके भी प्रधान मंत्री आवास के तहत राशि स्वीकृत होकर निकल गई और वास्तविक गरीब आज भी शासन की जन कल्याण कारी योजनाओ के लाभ से कोषो दूर नजर आ रहा है आज की स्थिति मे गरीबी रेखा की श्रेणी मे लगभग 80 से 90 प्रतिशत लोग जुडकर योजनाओ का लाभ ले रहे है जबकि शासकीय छान बीन मे यह तथ्य भी सामने आ चुके है की आयकर दाता तक इस योजना के लाभ से जुडे थे जिनके नाम काटने की कवायद शुरू हुइ तो हजारो आयकर दाता के नाम प्रदेश मे काटे गये है जो मुफ्त का राशन लेते आ रहे थे।

शादी समारोह से लौट रहा स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

छपारा नवभारत। 4 मई दिन सोमवार को सुबह छपारा विकास खंड अंतर्गत ग्राम बंजर (जामुनपानी)निवासी युवक जो एक शादी समारोह से अपने गांव स्कूटी से वापस सुबह लौटते समय एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम घोघरी के पास सड़क पर गिर हुए चोटिल स्थिति घायल अवस्था में देख राहगीरों ने छपारा 112 डायल वाहन को जागरूक जनों ने सूचना दी जिसपर तत्काल छपारा थाना डायल 112 वाहन ने मौके से घायल युवक को छपारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार हेतु पहुंचाया गया जहां वहीं सुबह लगभग 10.30 घायल बंजर निवासी नीलेश इनवाती पिता वीरेंद्र इनवाती 24 वर्ष को सिर और कंधे पर गंभीर चोटों के चलते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया परिजनों द्वारा बताया गया कि वह एक शादी समारोह ढोडा गांव से लौट रहा था वहीं एक दिन पहले ही नीलेश के छोटे भाई का भी दुर्घटना में चोटिल हो सिवनी जिला चिकित्सालय में ही पहले से उपचार चल रहा है परिवार के उपर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है वहीं इस मामले पर छपारा पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

आयोजन ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग का स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनूठा ट्रेनिंग प्रोग्राम

मन की शांति के लिए स्वास्थ्य सेवा जनों ने की प्रैक्टिकल एक्टिविटी

सिवनी नवभारत। मनुष्य का मन जब दूसरे की पीड़ा को अनुभूति करता है तो वहां सहानुभूति , कंपैशन, एंपैथी का उद्भव होता है। यही कंपैशन, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए जनों की कार्य क्षमताओं और गुणवत्ता में बढ़ोतरी करती है व स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता में वृद्धि करती है। स्वास्थ्य सेवा जनो की इन्हीं गुणवत्ता से पीड़ितों मरीजों की बीमारी को सहज समाप्त करने में अधिक सफलता मिलती है।

उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारी संस्थान के लोनिया रोड स्थित शांति शिखर परिसर में, रविवार को स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हुए जनों के विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में व्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग से पधारे सीनियर ट्रेनर ब्रह्मा कुमार दत्ता भाई जी ने सिवनी शहर के स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए चुनिंदा स्वास्थ्य सेवी जनों के सम्मुख व्यक्त किऐ। ट्रेनिंग प्रोग्राम को और गहराई में ले जाते हुए ब्रह्मा कुमारीज मेडिकल विंग पुणे से पधारे सीनियर ट्रेनर ब्रह्मा कुमार कमलेश ने ट्रेनिंग में पहुंचे स्वास्थ्य सेवा जनों से अनेक प्रैक्टिकल एक्टिविटी कराई। आगे ब्रह्मा कुमार दत्ता भाई ने बताया की ब्रह्मा कुमारीज मेडिकल विंग और लंदन ब्रिटेन स्थित दादी जानकी फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए जनों के आंतरिक मूल्य संवर्धन के लिए एक सुंदर प्रोग्राम डिजाइन हुआ है जो यूनिवर्सिटी की डिप्लोमा और डिग्री के माध्यम से भी किया जा सकता है उक्त प्रोग्राम विश्व में बहुत लोकप्रिय हो रहा है और ब्रह्माकुमारी संस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में निशुल्क रूप से यह ट्रेनिंग प्रोग्राम अनेक वर्षों से मानवता की सेवा में निरंतर करता चला आ रहा है। आगे आपने बताया उसे उक्त

ट्रेडिंग प्रोग्राम में कुल 6 मॉड्यूल पर गहराई से चिंतन मनन होना है प्रैक्टिकल एक्टिविटी होनी है आज शुरुआती रूप में एक मॉड्यूल पर ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ अन्य मॉड्यूल का ट्रेनिंग प्रोग्राम आगे की डेट पर निर्धारित करके सारे जिले भर के स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए लोगों के लिए संपन्न किए जाएंगे।

कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमारी सिवनी की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने आशीर्वचन देते हुए कहा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने की बहुत संभावना है और इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम स्वास्थ्य कर्मियों की सफलताओं को बढ़ाएंगे दुखी जनों के दुखों को दर्द को कम करेंगे, दीदी जी ने कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी एवं ऐसी मानव कल्याणकारी कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूरी सहभागिता करने का उदगार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीता मर्मज्ञ ब्रह्माकुमारी गीता दीदी जी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर पुष्पा टेकाम , डॉक्टर मोहंत चांद सी, सुप्रसिद्ध डेंटिस्ट डॉ अभिनव सिंह, डॉ विपिन, गोपालगंज सीएससी डॉ नेहा बिसेन गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल मिसेज मेरी जोसेफ, नर्सिंग कॉलेज की अनेक फैकेल्टीस व स्वास्थ्य सेवा जनों ने ट्रेनिंग प्रोग्राम का गहनता से लाभ लिया व आगे भी ऐसे प्रोग्राम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का प्रबंधन ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी ब्रह्मा कुमारी अंकिता दीदी ब्रह्मा कुमारी सरिता दीदी ने कुशलता पूर्वक किया।

एआईएसओ संगठन मध्यप्रदेश में पुन : नेतृत्व परिवर्तन

श्याम चंद्रवंशी बने एआईएसओ के नए प्रदेश अध्यक्ष

सिवनी नवभारत। ऑल इन्वेस्टर सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन पीएसीएल (पर्ल्स) निवेशकों की जमा पूंजी वापस दिलाए जानें हेतू विगत 11 वर्षों से निरंतर संघर्षरत राष्ट्रीय स्तर पर रजिस्टर्ड संगठन है। जो कि पीएसीएल निवेशकों के भुगतान हेतू ब्लॉक,जिला,प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर पर अब तक सैंकड़ों से अधिक धरना प्रदर्शन किए जाकर पीएसीएल पीड़ितों की आवाज को निरंतर बुलंद कर भुगतान की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई जा रही है।

वही इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों में संगठन को मजबूत बनाएं जाने की दिशा में भी संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उसी क्रम में एआईएसओ संगठन मध्यप्रदेश कमेटी को धन बल से और अधिक मजबूत बनाएं जाने हेतू संगठन के शीर्ष नेतृत्व तथा प्रदेश कमेटी के साथियों की 30 अप्रैल को आयोजित सामूहिक वर्चुअल (जूम मीटिंग) में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए श्याम चंद्रवंशी निवासी (चारगांव) जिला छिंदवाड़ा को एआईएसओ प्रदेशाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व लालमणि पाण्डे, शांतिलाल धाकड, ओमप्रकाश सिंह ने प्रदेश की कमान संभाला जाकर संगठन में सराहनीय योगदान दिया है।

श्री चंद्रवंशी को प्रदेशाध्यक्ष की कमान मिलते ही देश भर से एक तरफ जहां बधाई संदेश दिए जा रहे हैं तो वही दूसरी ओर रविवार 3 मई को छिंदवाड़ा जिला कॉमेटी द्वारा पंचमुखी श्री शिव मंदिर में मीटिंग आयोजित कर स्थानीय कार्यकताओं द्वारा फूल माला पहनाया जाकर भव्य स्वागत वंदन किया गया